पानीपत भास्कर

dainikbhaskar.com

आइए बनें पंछियों के ... दैनिक भास्कर की विनम्र पह...

पंचायत ने जागरूकता के लिए उठाया कदम... 17 | शुक्रवार | पानीपत, 22 अप्रैल, 2011 | झपटमार गिरोह से शहरवासी परेशान... 18

समालखा . इसराना . सनौली . मतलौडा

पानीपत | टीडीआई सिटी पानीपत कार्यालय में पत्रकारो से बातचीत करते कंपनी के महाप्रबंधक अमन मेहरा एवं अन्य अधिकारी।

इंडीपेंडेंट फ्लोर्स का चलन पानीपत में बिल्कुल नया : मेहरा

पानीपत | तनेजा डेवलपर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स (टीडीआई) पानीपत के महाप्रबंधक अमन मेहरा ने कहा कि हमें पानीपत में अपने टीडीआई सिटी में माई फ्लोर्स लांच करते हुए गर्व है। इंडीपेंडेंट फ्लोर्स का चलन इस शहर के लिए बिल्कुल नया है। वे शुक्रवार को टीडीआई के कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। तीन बैडरूम वाली इन इकाइयों में कई अतिरिक्त सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें ग्राउंड फ्लोर का लॉन एरिया तीन सौ वर्ग फुट का है। दूसरे फ्लोर की इकाई में नौ सौ वर्ग फुट की छत के पूरे अधिकार दिए गए हैं। टाउनशिप का विकास पूरी तरह प्रगति पर है। कई प्लाट के कब्जे भी दिए गए हैं। कुछ विला कब्जे के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर कंपनी के और भी अधिकारी मौजूद रहे।